an>

Title: Issue regarding alleged involvement of DRDO in religious activities.

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। डीआरडीओ रक्षा मंत्रालय से जुड़ी एक वैज्ञानिक संस्था है, जिसका काम है आधुनिक विज्ञान से संबंधित अनुसंधान करके रक्षा सेवाओं को सुदृढ़ करना है। परन्तु पिछले दिनों में डीआरडीओ ने एक ऐसा कारनामा किया है, जिससे सारा देश स्तब्ध है। उसने मानवीय और आर्थिक संसाधनों पाँच करोड़ रुपए की लागत से एक रथ बनाकर आनन्दी मंदिर को भेंट किया, जो नहीं किया जा सकता था। जिस वैज्ञानिक ने इसके खिलाफ आवाज उठायी और व्हिसिलब्लोअर का काम किया, उसका ट्रांसफर कर दिया गया। उसके अंडर जितने भी रिसर्च प्रोजैक्ट्स थे, वे उससे छीन लिये गये। जब सुप्रीम कोर्ट ने इसका संज्ञान लिया तो डीआरडीओ के चीफ, डिफेन्स सेक्रेट्री और सेन्ट्रल विजिलेंस कमीशन को यह आदेश दिया गया कि इसे 17 तारीख तक फाईल करें। डीआरडीओ ने जो धर्म की नीति चलायी है, जो धर्म दीक्षा है, उसका अधिकार डीआरडीओ को किसने दी है और किसने उसे एक धार्मिक अनुष्ठान करने का आदेश दिया है। यह मैं सरकार से जानना चाहता हूँ।